भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 10.02.2019

सस्ती तकनीक पर काम करें आईआईटियंस

योगी की अपील

वाराणसी | निज संवाददाता

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आईआईटियंस से आह्वान किया कि वे सस्ती और कारगर तकनीक पर काम करें क्योंकि ऐसी तकनीक से ही प्रभावी बदलाव होगा। उन्होंने प्राचीन ज्ञान को आधुनिकता की कसौटी पर कसते हुए नई तकनीक के ईजाद पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भावी इंजीनियरों को जलस्त्रोतों के संरक्षण की चुनौती भी स्वीकार करनी होगी क्योंकि यह हम सभी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है।

सीएम बीएचयू के स्वतंत्रता भवन सभागार में आईआईटी बीएचयू के शताब्दी समारोह एवं ग्लोबल एलुमिनी मीट के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महामना मालवीय को दूरद्रष्टा बताते हुए कहा कि जब महात्मा गांधी देश को आजादी दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे थे, क्रांतिकारियों का समूह संघर्षरत था तो महामना आजाद भारत का भविष्य संवारने के लिए बीएचयू की स्थापना में जुटे थे।

आईआईटी बीएचयू के शताब्दी समारोह को शनिवार को संबोधित करते सीएम।

महामना ने समझ लिया था कि प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय से ही आजाद भारत का भविष्य संवर सकता है। इसीलिए बनारस इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की। मुख्यमंत्री ने तकनीकी विशेषज्ञों से कहा कि महामना की दृष्टि के अनुरूप शोध अध्ययन से प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर भविष्य की तकनीक ईजाद करने का प्रयास करें।

›उत्पाद के रूप में ढालें पेज 05